बिहार सरकार

आपदा प्रबंधन विभाग

संख्या–03 / बजट–01–20 / 2025 / .... / आ0प्र0

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार,
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

पटना–23, दिनांक–

विषयः–वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय शीर्ष–2245–02–109–0001–क्षतिग्रस्त जलापूर्ति, नालों एवं मल प्रवाह प्रणाली की मरम्मति एवं प्रत्यास्थापन के अन्तर्गत कुल रु० 89.00 लाख (नवासी लाख रुपये) मात्र आवंटन की स्वीकृति।

आदेशः– स्वीकृत ।

2. इस राशि का व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय शीर्ष–2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत, उपमुख्य शीर्ष–02–बाढ़, चक्रवात आदि, लघुशीर्ष–109–खराब जल–पूर्ति, जल–निकास तथा मल–जल निर्माण कार्यो की मरम्मत तथा पुनः स्थापना, उपशीर्ष–0001–क्षतिग्रस्त जलापूर्ति, नालों एवं मल प्रवाह प्रणाली की मरम्मति एवं प्रत्यास्थापन, मांग संख्या–39, विपत्र कोड–39–2245021090001 में विषय शीर्ष–27 02–अनुरक्षण एवं मरम्मत के अन्तर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

3. पूर्व / वर्तमान आवंटित राशि की विवरणी निम्न प्रकार है : –

(राशि लाख रुपये में)

क्र॰	**विभाग**	**पूर्व आवंटन (वित्तीय वर्ष 2025–26)**	**वर्तमान आवंटन (वित्तीय वर्ष 2025–26)**	**आवंटन का योग (वित्तीय वर्ष 2025–26)**
1.	2.	3	4	5
1	लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार	38.08 (अड़तीस लाख आठ हजार रुपये)	89.00 (नवासी लाख रुपये)	127.08 (एक करोड़ सताईस लाख आठ हजार रुपये)

4. यह आवंटन अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–177 दिनांक–02.02.2026 द्वारा की गई अधियाचना तथा ***गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक–33–03 / 2020–NDM-1 (Vol-II) दिनांक–10.10.2022 द्वारा एस0डी0आर0एफ0 / एन0डी0आर0एफ0 हेतु संसूचित साहाय्य मानदर की कंडिका–B 11 (2) के आलोक में*** बाढ़ 2024 के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अस्थाई चापाकल निर्माण एवं शरणार्थियों को आधारभूत सुविधा के लिए कराये गये कार्य हेतु निर्गत किया जा रहा है।

5. **आवंटित की गई राशि की निकासी Fully Vouched Bill के माध्यम से की जाएगी।**

6. यह आवंटन आदेश वित्त विभाग के ज्ञापांक–2561वि0 (2) दिनांक–17.4.1998 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

7. प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
(संदीप कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक–03/बजट–01–20/2025/ 227 /आ0प्र0, पटना–23 दिनांक– 17-02-26

प्रतिलिपि–

1. वित्त विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
2. कोषागार पदाधिकारी, विश्वेश्वरैया भवन, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. अभियंता–प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–178 दिनांक–02.02.2026 के प्रसंग में सूचनार्थ प्रेषित।
5. माननीय मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
6. सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग के वरीय प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
7. आई0टी0 मैनेजर/प्रोग्रामर, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार को विभागीय Web Site पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/2/2026

विशेष कार्य पदाधिकारी